भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 620

दिनांक 03.02.2026 को उत्तरार्थ

स्वामित्व योजना के अंतर्गत जारी किए गए संपत्ति कार्ड

†620. श्री थरानिबेंथन एम. एस.:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में 'ग्राम आबादी का सर्वेक्षण और ग्राम क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण' (स्वामित्व) योजना के तहत जारी किए गए संपत्ति कार्ड की राज्य-वार, विशेष रूप से तमिलनाडु में कुल संख्या कितनी है,

(ख) उन गांवों की संख्या कितनी है जहां स्वामित्व योजना के तहत सर्वेक्षण और मानचित्रण पूरा हो चुका है और तमिलनाडु में जारी करने के लिए लंबित संपत्ति काडों की संख्या कितनी है;

(ग) तमिलनाडु में अब तक स्वामित्व योजना के कार्यान्वयन के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) तमिलनाडु के दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों में विशेष रूप से ग्रामीण संपत्ति मालिकों के बीच संपत्ति कार्ड प्राप्त करने के लाभों और प्रक्रिया के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या सरकार के पास संपत्ति कार्ड जारी करने में देरी या त्रुटियों का सामना करने बाले संपत्ति मालिकों के लिए कोई शिकायत निवारण या विवाद समाधान तंत्र है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) तमिलनाडु में ऋण तक पहुंच, संपत्ति सुरक्षा और स्थानीय शासन पर स्वामित्व योजना का क्या प्रभाव पड़ा है और योजना को और मजबूत करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और ख) दिनांक 29.01.2026 तक, स्वामित्व योजना के तहत, 1.86 लाख गांवों में 3.06 करोड़ संपत्ति कार्ड जारी किए गए हैं। तमिलनाडु में 3 गांवों में पायलट आधार पर ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया गया था और कोई संपत्ति कार्ड जारी नहीं किए गए हैं क्योंकि राज्य ने नाथम क्षेत्रों (आबादी) के पूर्व रिकॉर्डों की मौजूदगी के कारण पायलट गांवों से आगे योजना को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है। राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग) तमिलनाडु सरकार को कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है

(घ), (ङ) और (च) उपरोक्त भाग (क) और (ख) में दिए गए उत्तरों को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

******

अनुलग्नक –I

स्वामित्व योजना के तहत जारी किए गए संपत्ति कार्ड के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 620 जिसका उत्तर दिनांक 03.02.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	तैयार किए गए संपत्ति कार्ड (गांव)	तैयार किए गए संपत्ति कार्डों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	141	7409
आंध्र प्रदेश	908	384336
अरुणाचल प्रदेश	0	0
असम	0	0
छत्तीसगढ	2557	196757
दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	75	4397
दिल्ली	0	0
गोवा	410	672646
गुजरात	10122	1658089
हरियाणा	6260	2515646
हिमाचल प्रदेश	364	5419
जम्मू और कश्मीर	1294	43910
झारखंड	0	0
कर्नाटक	4930	1038215
केरल	0	0
लद्दाख	225	18788
लक्षद्वीप	10	13563
मध्य प्रदेश	39474	6565879
महाराष्ट्र	22609	3758310
मणिपुर	0	0
मिजोरम	30	4041
ओडिशा	43	1716

पुदुच्चेरी	92	2801
पंजाब	319	43922
राजस्थान	15163	1443423
सिक्किम	0	0
तमिलनाडु	0	0
तेलंगाना	0	0
त्रिपुरा	893	571783
उत्तर प्रदेश	72938	11412927
उत्तराखंड	7441	278229
कुल	186298	306,42206